बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

<u>आवश्यक सूचना</u>

विज्ञापन संख्या 04/2020 के अंतर्गत असैनिक न्यायाधीश (कनीय कोटि) के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु 31वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के निमित्त दिनांक 09.03.2020 को प्रकाशित विज्ञापन में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की तिथि 12.03.2020 से 28.03.2020 तक तथा ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 13.04.2020 निर्धारित थी।

कोविड–19 संक्रमण के प्रभाव के कारण अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित अभ्यावेदन में किये गये अनुरोध के आलोक में ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी प्रक्रिया दो बार विस्तारित की गई।

सरकार द्वारा घोषित लॉकडाउन (कोविड–19) के कारण विज्ञापन की कंडिका 5, नोट–2(4) में उल्लिखित शैक्षणिक संस्थानों द्वारा निर्गत बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण कतिपय उम्मीदवारों द्वारा समर्पित अभ्यावेदन को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा उक्त प्रमाण पत्र की बाध्यता में छूट देने के संबंध में सामान्य प्रशासन को भेजे गये पत्र के आलोक में महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना के पत्र ज्ञापांक–32151, दिनांक 17.08.2020 द्वारा सहमति प्रदान की गई। तदालोक में ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 31.08.2020 तक विस्तारित की गई।

उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक योग्यता में अंकित विधि स्नातक अथवा समतुल्य परीक्षोत्तीर्ण से संबंधित प्रमाण पत्र/अंक पत्र ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि तक या पूर्व का होना अनिवार्य होगा, क्योंकि रजिस्ट्रेशन के पश्चात् ही ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है, अर्थात् रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आवेदन भरने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। चूँकि बिना रजिस्ट्रेशन के ऑनलाईन आवेदन नहीं भरा जा सकता है। फलस्वरूप रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी को विधि स्नातक होने की अनिवार्यता है।

18.9.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना